>

Title : Need to provide special package to affected families due to soil erosion by rivers Ghaghra, Rapti and Gandak.

श्री रमाशंकर राजभर (सलेमपुर): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। राप्ती, गौर्रा, छोटी गंडक और घाघरा नदियां हमारे संसदीय क्षेत्र से होकर निकलती हैं। वर्ष 1998 में प्रलयंरकारी बाढ़ आई और उस बाढ़ से गोरखपुर, जनपद देवरिया, जनपद मऊ, जनपद बलिया में प्रलयंकारी बाढ़ ने काफी परिवारों को विस्थापित कर दिया। अकेले हमारे संसदीय क्षेत्र के तहसील बैरिया में अम्बेडकर ग्राम, माझा, शिवपुर, जटहां, दतहां, उस्मानपुर, रामपुर, भसरीख, वासडीह तहसील के दियरा, वाधर, चकिया, बलियन, सलेमपुर तहसील के आदर्शनगर, बरहज तहसील परसिया, देवार और बेल्थरा तहसील, सदिया मढ़िया, गुलौरा, वेलारा सिकंदरपुर तहसील के टुकडा नंबर दो मनियर के हजारों परिवार बेघर होकर बंधे पर निवास कर रहे हैं। जिसके कारण उनके पुनर्वास की समस्या उत्पन्न हो गई है।

मैं केन्द्र सरकार से मांग करूंगा कि वह उनके पुनर्वास के लिए धन मुहैया करायें, ताकि जो हजारों परिवार 1998 से बेघर पड़े हुए हैं, उनका पुनर्वास हो सके।